# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।
दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com

पंत्राक– 151 /2023–24 दिनांक 29 अप्रैल, 2023

## संवाद–256

**विषयः– आयोग की कतिपय पूर्व भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी में संलिप्त अभ्यर्थियों को प्रतिवारित(Debar) किये जाने के संबंध में।**

सूचित किया जाता है कि आयोग के पत्रांक संख्या/(सूचना)–48, 49, 50 एवं 51, दिनांक 10 अप्रैल, 2023 के द्वारा पूर्व की **04 भर्ती परीक्षाओं (स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा–2021, वन दरोगा ऑनलाइन परीक्षा–2021, सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा–2021 एवं वी0पी0डी0ओ0 भर्ती परीक्षा–2016)** में अनुचित साधनों के प्रयोग में संलिप्त अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी है।

अभ्यर्थियों को प्रतिवारित(Debar) किये जाने की कार्यवाही के अन्तर्गत आयोग **कार्यालय के प0सं0–44(स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा–2021), प0सं0–45(वन दरोगा ऑनलाइन परीक्षा–2021), प0सं0–46(सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा–2021) एवं प0सं0–47(वी0पी0डी0ओ0 भर्ती परीक्षा–2016) द्वारा उक्त सूची में अंकित समस्त** अभ्यर्थियों को पृथक–पृथक भर्ती परीक्षाओं में किये गये अनुचित साधनों की संलिप्ता के आधार पर प्रतिवारित किये जाने हेतु सूचना/नोटिस प्रेषित किये गये।

अवगत कराना है कि कतिपय अभ्यर्थियों को नोटिस/सूचना प्राप्त न होकर आयोग को वापस प्राप्त हो रहे हैं। अतः उक्त पृथक–पृथक भर्ती परीक्षाओं से संबंधित वे अभ्यर्थी जिनको प्रतिवारित(Debar) किये जाने से संबंधित सूचना/नोटिस तामिल नहीं हो पा रहे हैं, को नोटिस/सूचना के प्रतिउत्तर प्राप्त किये जाने हेतु एक संयुक्त सूचना/नोटिस आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा रहा है।

अतः **वे समस्त अभ्यर्थी जिनकों उक्त भर्ती परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग किये जाने के संबंध में प्रेषित किये गये 'सूचना/नोटिस' तामिल नहीं हो पाये है तथा आयोग कार्यालय को वापस प्राप्त हुए है,** को सूचित करना है कि वे इस संवाद के प्रकाशन की तिथि से 01 सप्ताह के अंतर्गत संलग्न अंतिम सूचना/नोटिस के संबंध में अपना पक्ष/प्रतिउत्तर आयोग को उपलब्ध करा दें, अन्यथा की दशा में आयोग द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अंतिम निर्णय ले लिया जायेगा।

**संलग्नक–यथोपरि।**

आयोग की ओर से,
-Sd-
सचिव।

**उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।
दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com

संख्याः 44 /2022–23 देहरादूनः दिनांक अप्रैल, 2023

## ।। अंतिम सूचना/नोटिस ।।

स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा–2021,

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, देहरादून द्वारा **दिनांक 04 एवं 05 दिसम्बर, 2021 को आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा–2021** की जांच के कम में दर्ज अभियोग मु0अ0स0–289/2022, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र संख्या–एसटीएफ–01/2023(UKSSSC) दिनांक 21 फरवरी, 2023 द्वारा आयोग को यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा अभियुक्तगणों के माध्यम से लीक प्रश्न पत्र प्राप्त कर अनुचित साधनों का प्रयोग किया जाना प्रकाश में आया है।

आपके द्वारा परीक्षा में अपने चयन के संबंध में किये गये उपरोक्त कृत्य के संबंध में आपकों अवगत कराया जाना है कि क्यों न आपकों राज्य सेवा के लिए अयोग्य व अपराधी प्रवृत्ति का मानते हुये आपके अभ्यर्थन को आयोग की वर्तमान परीक्षाओं सहित भविष्य की परीक्षाओं/आवेदन के लिए प्रतिवारित(Debar) कर दिया जाय?

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप इस नोटिस का लिखित उत्तर आयोग को **संवाद–256 के प्रकाशन की तिथि से 01 सप्ताह के अंतर्गत** तक पुष्ट साक्ष्यों सहित पंजीकृत डाक से उपलब्ध करा सकते हैं। निर्धारित तिथि तक आपसे इस संबंध में कोई लिखित उत्तर प्राप्त न होने पर यह मान लिया जायेगाा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, और तत्पश्चात आयोग द्वारा इस मामले में अंतिम निर्णय ले लिया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले उत्तर पर कोई कार्यवाही संपादित नहीं की जायेगी।

**-Sd-**
**(सुरेन्द्र सिंह रावत)**
**सचिव।**

# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com


संख्याः 45 /2022–23 देहरादूनः दिनांक अप्रैल, 2023

।। अंतिम सूचना/नोटिस ।।

वन दरोगा ऑनलाइन भर्ती परीक्षा–2021,

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, देहरादून द्वारा **दिनांक 16 जुलाई से 25 जुलाई, 2021 के मध्य आयोजित** **वन दरोगा ऑनलाइन भर्ती परीक्षा–2021** की जांच के क्रम में दर्ज अभियोग मु0अ0स0–389/22 के कम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र संख्या–एसटीएफ–01/2023(UKSSSC) दिनांक 21 फरवरी, 2023 द्वारा आयोग को यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा अभियुक्तगणों के माध्यम से अनुचित साधनों का प्रयोग कर नकल किया जाना प्रकाश में आया है।

आपके द्वारा परीक्षा में अपने चयन के संबंध में किये गये उपरोक्त गंभीर आपराधिक कृत्य के संबंध में आपको अवगत कराया जाना है कि क्यों न आपको राज्य सेवा के लिए अयोग्य व अपराधी प्रवृत्ति का मानते हुये आपके अभ्यर्थन को आयोग की वर्तमान परीक्षाओं सहित भविष्य की परीक्षाओं/आवेदन के लिए भी प्रतिवारित(Debar) कर दिया जाय?

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप इस नोटिस का लिखित उत्तर आयोग को **संवाद–256 के प्रकाशन की तिथि से 01 सप्ताह के अंतर्गत** तक पुष्ट साक्ष्यों सहित पंजीकृत डाक से उपलब्ध करा सकते हैं। निर्धारित तिथि तक आपसे इस संबंध में कोई लिखित उत्तर प्राप्त न होने पर यह मान लिया जायेगाा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, और तत्पश्चात आयोग द्वारा इस मामले में अंतिम निर्णय ले लिया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले उत्तर पर कोई कार्यवाही संपादित नहीं की जायेगी।

-Sd-
(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव।

# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com


संख्याः 46 /2022–23 देहरादूनः दिनांक अप्रैल, 2023

।। अंतिम सूचना/नोटिस ।।

**सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा–2021,**

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, देहरादून द्वारा **दिनांक 26 सितम्बर, 2021 को आयोजित सचिवालय रक्षक भर्ती परीक्षा–2021** की जांच के क्रम में दर्ज अभियोग मु0अ0स0–351/22 के कम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र संख्या–एसटीएफ–01/2023(UKSSSC) दिनांक 21 फरवरी, 2023 द्वारा आयोग को यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा अभियुक्तगणों के माध्यम से लीक प्रश्न पत्र प्राप्त कर अनुचित साधनों का प्रयोग कर नकल किया जाना प्रकाश में आया है।

आपके द्वारा परीक्षा में अपने चयन के संबंध में किये गये उपरोक्त गंभीर आपराधिक कृत्य के संबंध में आपको अवगत कराया जाना है कि क्यों न आपको राज्य सेवा के लिए अयोग्य व अपराधी प्रवृत्ति का मानते हुये आपके अभ्यर्थन को आयोग की वर्तमान परीक्षाओं सहित भविष्य की परीक्षाओं/आवेदन के लिए भी प्रतिवारित(Debar) कर दिया जाय?

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप इस नोटिस का लिखित उत्तर आयोग को **संवाद–256 के प्रकाशन की तिथि से 01 सप्ताह के अंतर्गत** तक पुष्ट साक्ष्यों सहित पंजीकृत डाक से उपलब्ध करा सकते हैं। निर्धारित तिथि तक आपसे इस संबंध में कोई लिखित उत्तर प्राप्त न होने पर यह मान लिया जायेगाा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, और तत्पश्चात आयोग द्वारा इस मामले में अंतिम निर्णय ले लिया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले उत्तर पर कोई कार्यवाही संपादित नहीं की जायेगी।

-Sd-

(सुरेन्द्र सिंह रावत)

सचिव।

# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com


संख्याः 47 /2022–23 देहरादूनः दिनांक अप्रैल, 2023

।। अंतिम सूचना/नोटिस ।।

**वी.पी.डी.ओ. भर्ती परीक्षा 2016,**

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, देहरादून द्वारा **वर्ष 2016 में आयोजित वी.पी.डी.ओ. भर्ती परीक्षा** की जांच के क्रम में दर्ज अभियोग मु0अ0स0–01/2020 के कम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र संख्या–एसटीएफ–01/2023 (UKSSSC) दिनांक 21 फरवरी, 2023 द्वारा आयोग को यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा अभियुक्तगणों के माध्यम से भर्ती परीक्षा में ओ0एम0आर0 शीट्स में छेड़छाड़ कर अनुचित साधनों का प्रयोग कर उत्तीर्ण होना प्रकाश में आया है।

आपके द्वारा परीक्षा में अपने चयन के संवंध में किये गये उपरोक्त गंभीर आपराधिक कृत्य के संवंध में आपको अवगत कराया जाना है कि क्यों न आपको राज्य सेवा के लिए अयोग्य व अपराधी प्रवृत्ति का मानते हुये आपके अभ्यर्थन को आयोग की वर्तमान परीक्षाओं सहित भविष्य की परीक्षाओं/आवेदन के लिए भी प्रतिवारित(Debar) कर दिया जाय?

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप इस नोटिस का लिखित उत्तर आयोग को **संवाद–256 के प्रकाशन की तिथि से 01 सप्ताह के अंतर्गत** तक पुष्ट साक्ष्यों सहित पंजीकृत डाक से उपलब्ध करा सकते हैं। निर्धारित तिथि तक आपसे इस संवंध में कोई लिखित उत्तर प्राप्त न होने पर यह मान लिया जायेगा कि आपको इस संवंध में कुछ नहीं कहना है, और तत्पश्चात आयोग द्वारा इस मामले में अंतिम निर्णय ले लिया जायेगा। निर्धारित तिथि के वाद प्राप्त होने वाले उत्तर पर कोई कार्यवाही संपादित नहीं की जायेगी।

-Sd-

(सुरेन्द्र सिंह रावत)

सचिव।